तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025

12 ओबीसी महासभा ने मांगा 27 प्रतिशत आरक्षण



11 किसानों की फसल पर प्लास्टिक का संकट ...





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# स्तरहीन निर्माण, स्कूल अहाता का कालम के साथ दिवार गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

जिला खनिज न्यास निधि से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कुसुमकसा में निर्माणाधीन अहाता निर्माण की दीवाल गिर गई, जिसे लोगों ने मंगलवार को देखा। इससे निर्माणधीन ठेकेदार द्वारा कराये गए कार्य में अनियमितता स्पष्ट दिखाई दे रही है। जानकारी अनुसार निर्माण कार्य चालू करने ले आउट देने के बाद कालम गड्ढा लगभग चार फीट खोदा जाना था, नीचे बेस के बाद कालम उठाना था। उक्त निर्माण कार्य में कालम के लिए निर्धारित गहराई नहीं की गई और बिना बेस करें लगभग एक फीट नीचे से कालम खड़ा कर दिया गया, निर्माण स्थल पर देखने में कालम में 10 एमएम की छड़ का उपयोग किया गया है और उसमे रिंग 12 से 15 इंच के अंतराल में बांधा गया है, कालम में डाले गए मसाला भी मापदंड के अनुरूप नहीं दिख रहा है, निर्मित कालम को तोड़ने पर अंदर भरे गए मटेरियल की मात्रा व उसकी गुणवत्ता पता चलेगी, जिसे देखकर लगता है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के सब इंजीनियर, एसडीओ निर्माण कार्य का निरीक्षण भी नहीं किए होंगे या निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार को मनमाफिक कार्य करने की खुली छूट दे दी गई होगी, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। इस तरह के निर्माण कार्य कराने वाले सब इंजीनियर सहित निर्माण करा रहे ठेकेदार पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

## जिला खनिज न्यास निधि से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में हुआ है निर्माण

### कार्रवाई करने की मांग

ग्राम पंचायत कुसुमकसा से मिली जानकारी अनुसार उक्त अहाता निर्माण कार्य हेतु जिला खनिज न्यास निधि से 10 लाख रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है व प्रथम किश्त की राशि 5 लाख रुपए आहरण किया गया है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि मुख्य मार्ग के घनी आबादी क्षेत्र के निर्माण कार्य में आरईएस के अधिकारी इस तरह की लापरवाही बरत रहे हैं तो अंदरूनी क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण तो ना के बराबर होता होगा। अहाता निर्माण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग शासन प्रशासन से की है।



### मुझे जानकारी नहीं

उक्त निर्माण के संबंध में जानकारी नहीं है। उक्त कार्य जनपद पंचायत से करवाया गया है। जानकारी लेकर कुछ बता पाऊंगा।
**जेपी चंद्राकर, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग डोंडी**

## खबर संक्षेप

### बाइक चालक को पांच युवकों ने पीटा, अपराध दर्ज

**बालोद।** बाईक के माध्यम से अपने काम से जा रहे दो युवकों को लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने का आरोप लगाते हुए पांच लोगों ने पिटाई कर दी। जहां भतीजे व उसके दोस्त के साथ मारपीट करने वाले पांच लोगों के खिलाफ युवक के चाचा ने गुण्डरदेही थाने में धारा 191(2), 296, 351 (3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुकेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि हरीश साहू ने बताया कि मंडल भाठा में भतीजा टिकेन्द्र साहू एवं मनीष साहू के साथ शशिकांत चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, ऋषभ यादव, डोमेश यादव, टिकेश्वर यादव मारपीट कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर सिर, हाथ, पैर में चोट लगने पर भतीजा से पूछा तब बताया कि बाइक में काम से जा रहा था। इस दौरान कट मारते हुए बाइक चला रहा है कहकर शशिकांत, ऋषभ ने डंडे, हरीश, टिकेश्वर ने बांस की कमचील, डोमेश ने बैट से मारपीट की। इसके बाद उक्त युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### भरदा स्कूल में किया गया पौधारोपण



**डौंडीलोहारा।** शासकीय हाई स्कूल एवं संकुल परिसर भरदा लो में एक पेड़ मां के नाम के तहत पीपल का पौधा रोपण किया गया, जिसमें संकुल समन्वयक अशोक टंडन, वरिष्ठ व्याख्याता खोमन लाल साहू, चंद्रशेखर आडिल, रमेश कुमार देवांगन, ओमप्रकाश केसरा, प्रमोद चंद्राकर एवं वृक्ष मित्र दल के बच्चे सम्मिलित रहे। यह वृक्ष मित्र दल प्रतिदिन उस पेड़ का देखरेख पानी सुरक्षा का संकल्प लिया। हाई स्कूल परिसर में ग्राम पंचायत के सहयोग एवं सभी ग्रामीण स्कूली बच्चों जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने मिलकर कुल 430 पौधों का रोपण किया गया। संकुल समन्वयक ने लोगों से अपील कि और बच्चों को जलवायु एवं पर्यावरण में संतुलन बनाएं रखने के लिए हमें हर स्तर पर पौधारोपण कर उनका उचित देखभाल करने प्रेरित किया, जिससे जलवायु एवं जल संरक्षण का कार्य भी हो सकेगा परिसर में किए गए सभी पौधारोपण को वृक्ष मित्र दल द्वारा देखरेख किए जाने का शपथ ली गई।

**विरोध**

### चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर बिफरी कांग्रेस, केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर लगाये नारे

# कांग्रेस ने बालोद-कुसुमकसा हाईवे पर की आर्थिक नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को राज्यभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर हंगामा किया गया। बालोद जिले में भी यह विरोध-प्रदर्शन पूरी ताकत के साथ देखने को मिला। जिला कांग्रेस कमेटी ने बालोद-कुसुमकसा एनएच-930 को दोपहर 12 बजे जाम कर दिया।

इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एम्बुलेंस तथा स्कूली वाहनों जैसी आवश्यक सेवाओं को छूट दी गई थी। तेज धूप और भारी गर्मी के बावजूद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी गई। हमर नेता भूपेश बघेल, ईडी सरकार की एजेंट बनी हैं, मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारों के साथ कार्यकर्ता सड़कों पर डटे रहे।





### राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाईः कांग्रेस

कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया। चक्काजाम में बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक लोकतंत्र के साथ अन्याय होता रहेगा, पार्टी इसी तरह सड़क पर संघर्ष करती रहेगी।



# जनदर्शन में पहुंचे लोगों की मांग हुई पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में बुजुर्ग आनंदराम और तुकाराम को श्रवण यंत्र प्रदान किया।

संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रेंगाकठेरा के श्रवणबाधित बुजुर्ग आनंदराम और ग्राम बोदल के बुजुर्ग तुकाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर आवाज कम सुनाई देने की समस्या बताई तथा समाधान हेतु श्रवण यंत्र की मांग की। इनके आवेदन पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अपने कक्ष में दोनों ही बुजुर्गों को श्रवण यंत्र प्रदान कर उनसे बात की। बुजुर्ग आनंदराम और तुकाराम ने अपने कान में श्रवण यंत्र लगाकर बताया कि अब उन्हें सब की बातें साफ–साफ सुनाई दे रही है।

# उप मुख्यमंत्री के समक्ष स्कूल सफाई कर्मचारियों ने रखी पूर्णकालिक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लगातार मांग करने व मांगों को लेकर हड़ताल करने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने की अपनी पीड़ा को स्कूल सफाई कर्मचारियों ने गृहमंत्री के आगमन पर उनके समक्ष व्यक्त किया। बालोद जिला की प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का

- न्यूनतम वेतन होने पर गिनाई घर की आर्थिक स्थिति, चुनावी घोषणा की भी दिलायी याद,

बालोद आगमन के पश्चात अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष छन्नू साहू अंशकालीन से पूर्णकालीन कर कलेक्टर दर देने की मांग रखी।

संघ द्वारा मंत्री से चर्चा की गई है कि स्कूल सफाई कर्मचारी सन-2011 से आज तक कार्य करते आ रहे हैं, इसके बदले मात्र 3000 वेतन दिया जाता है, जिस पर परिवार का भरण पोषण नहीं हो पता, कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। प्रदेश में 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी है, जो इसी पर निर्भर है। अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा भी इतने कम वेतन से नहीं कर पाते। चुनाव के पहले भाजपा के घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी, पर आज तक कुछ नहीं हुआ। स्कूल सफाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय है एवं उन्हें जीवन यापन करने में कठिनाई हो रही है। वे सुबह 10 बजे स्कूल जाते हैं, मध्यान भोजन के समय भी कार्य करने में मदद करते हैं राशन लाते हैं, शाला समिति की बैठक रजिस्टर में हस्ताक्षर कराते हैं, विद्यालय में समिति की बैठक होने पर पानी पिलाते हैं और छुट्टी के बाद स्कूल बंद भी करते हैं इस तरह उन्हें स्कूल में ही पूरा टाइम लग जाता है।



### हड़ताल करने पर केवल आश्वासन मिला

शिक्षा संभाग के सचिव ने शाला का आकस्मिक निरीक्षण करने पर पाया गया कि छत्तीसगढ़ के सभी विद्यालय में अंशकालीन सफाई कर्मचारी का पद स्वीकृत है, पर नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है तो उन्होंने निर्णय लिया कि यह पद को भरा जाए और यह अंशकालीन है, इसलिए प्रधान पाठक या प्राचार्य अपने स्तर पर इसकी नियुक्ति कर सकते हैं, इसका कोई नियम व शर्त नहीं है, जिससे विद्यालय की साफ सफाई बेहतर हो सके। सरकार किसी की भी हो अंशकालीन सफाई कर्मचारी कई दिनों से हड़ताल करते आ रहे हैं, मगर सभी चुनाव के पहले कहते हैं कि हम आपकी मांग पूर्ण कर देंगे पर जीतने पर किसी का ध्यान नहीं जाता। हड़ताल करने पर केवल आश्वासन ही दिया जाता है। पिछले सरकार ने टीम भी गठित की थी, सरकार बदल गई पर अंशकालीन सफाई कर्मचारी वहीं के वही रह गए। इस बार भाजपा सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत वेतन में वृद्धि का ऐलान किया था पर आज तक कुछ पता नहीं चला। सन 2011 में शुरू–शुरू में अंशकालीन सफाई कर्मचारी की नियुक्त होने पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### दल्लीराजहरा में लाल पानी का कहरः पहली बारिश में उजागर हुई लापरवाही

**दल्लीराजहरा।** एक ओर जहां प्रदेश भर में बारिश से लोगों को राहत मिल रही है, वहीं दल्लीराजहरा में झमाझम बारिश ने संकट का नया चेहरा दिखा दिया है। पहली ही बारिश में बीएसपी प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पूरी तरह उजागर हो गई है। शहर के विभिन्न खदानों से आयरन ओर बहकर सीधे शहर की बस्तियों में घुस आया है। नालों का पानी लाल हो गया है, गलियों में लाल कीचड़ बह रही है, और यह पानी अब घरों, निचली बस्तियों, यहां तक कि खेतों तक पहुंच चुका है। पीने और निस्तारी के पानी में अब आयरन घुल चुका है, जिससे स्थानीय लोग त्वचा रोग, पेट की बीमारियों और संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

**खबर संक्षेप**



### बीएसपी एक्स की बैठक में मेडिक्लेम पर चर्चा

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ओए की जीबीएम 20 तारीख को आयोजित की गई, जिसके बाद (1) एमजीएम आई इंस्टिट्यूट, रायपुर और (2) उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की आम सभा की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता बीएसपी पूर्व ओए के अध्यक्ष सरोज रंजन दास ने की। उन्होंने 11 महीने के भत्ते के बकाया भुगतान की वर्तमान स्थिति, सेल मेडिक्लेम योजना और बीओएसईसी सुपर टॉप-अप सुविधा, ईपीएस 95 पेंशन, संशोधित ग्रेच्युटी पर सुको का मामला, बीएसपी अस्पताल से संबंधित आदि समस्याओं संविदा के आधार पर काम करने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों की अग्रिम नियुक्ति आदि की जानकारी सदस्यों को दी। ओए अध्यक्ष और सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, और महासचिव परविंदर सिंह ने भी 11 महीने के भत्ते का बकाया, ईपीएस 95, मेडिक्लेम 2025-26, मार्च 2018 के बजाय 1 जनवरी 2017 से संशोधित ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए सेल के शीर्ष प्रबंधन के साथ सेफी के प्रयास और बातचीत आदि की जानकारी दी।बैठक में एक्स-ओए पदाधिकारी जेबी पाटिल, आरबी. गुप्ता, आरएस. श्रीवास्तव और वरिष्ठ पूर्व ओए सदस्य वीके पाल, एके. मजूमदार, आर. पिपरसानिया, बी धार्मिक, जीवीआर राजा, राजीव झा, बीसी जैन, वाईपी अग्रवाल, आर.के. अग्रवाल आदिउपस्थित थे।

### कमकासुर में बीएसपी का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दुल्की माइन्स के सीएसआर द्वारा कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। कुल 45 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। बीएसपी अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है।

# सेल के बने फौलाद से एशिया की सबसे लंबी सुरंग में दौड़ेंगी गाड़ियां

**ज़ोजिला सुरंग परियोजना में 31 हजार टन से अधिक स्टील की आपूर्ति की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

देश की सबसे बड़ी सार्जनिक इस्पात कंपनी स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा एशिया की सबसे लंबी सड़क सुरंग ज़ोजिला सुरंग परियोजना के लिए 31 हजार टन से अधिक स्टील की आपूर्ति की गई है। भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी दो-तरफ़ा सुरंग बनने के लिए तैयार है। सेल ज़ोजिला सुरंग परियोजना" में पार्टनर है।

सेल ने इस परियोजना में 31 हजार टन से ज़्यादा स्टील दिया है, जिसमें टीएमटी री-बार, स्ट्रक्चरल स्टील और प्लेट्स शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट के 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है, और सेल लगातार स्टील सप्लाई कर रहा है, जो कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। ज़ोजिला सुरंग जैसी बड़ी परियोजनाओं में सेल का योगदान देश के निर्माण में उसकी भूमिका को और मजबूत करता है। ज़ोजिला सुरंग 11,578 फीट की ऊँचाई पर, हिमालय के मुश्किल पहाड़ों में बनाई जा रही है। यह 30 किलोमीटर से भी अधिक लंबी सुरंग है। यह द्रास और कारगिल होते हुए, श्रीनगर और लेह के बीच, पूरे साल आवाजाही को आसान बनाएगी। यह सुरंग भारत के राष्ट्रीय अवसंरचना विकास, विशेष रूप से श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग, का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे इस इलाके में आम लोगों और सेना दोनों के लिए आना-जाना बहुत आसान हो जाएगा।

#### बांद्रा वर्ली सी लिंक में भी योगदान

यह परियोजना केवल एक रणनीतिक ढांचागत सुविधा ही नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा आर्थिक अवसर भी है। सेल की ज़ोजिला सुरंग के लिए स्टील की आपूर्ति, देश की कई और प्रतिष्ठित ढांचागत परियोजनाओं, जैसे चिनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली सी लिंक, ढोला सादिया और बोगीबील पुलों को बनाने में योगदान देने की कंपनी की लंबी विरासत को और मजबूत करता है।



## जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने की मांग, बोनस फार्मूला में करें बदलाव

# सेल के मेहनतकशों को चाहिए 40 हजार से अधिक बोनस, यूनियनें हो रहीं एकजुट

**प्रबंधन ने पिछले साल एकतरफा निर्णय लेकर मात्र 26 हजार 5 सौ दिया था बोनस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल में सालाना बोनस को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों में सुगबुगाहट शुरु हो गई है। इस साल कर्मचारियों को उम्मीद है कि उन्हें पिछले साल से अधिक बोनस मिलेगा। समय पर सम्मानजनक बोनस मिले, इसे लेकर यूनियनों एकजुटता के साथ अनुकूल माहौल बनाने की तैयारी शुरु कर दी है। इस संबंध में जल्द ही केंद्रीय यूनियनों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें बोनस के लिए जल्द दिल्ली में एनजेसीएस कमेटी की बैठक बुलाने की मांग की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि हर साल सेल कर्मचारियों को दुर्गा पूजा पर्व के पूर्व सालाना बोनस दिए जाने की परंपरा रही है। इसके लिए जुलाई के अंतिम सप्ताह या अगस्त के के दूसरे हफ्ते एनजेसीएस कमेटी की बैठक दिल्ली में आयोजित की जाती रही है। लेकिन इस साल बोनस बैठक को लेकर अब तक कोई तैयारी की सूचना यहां यूनियन नेताओं को अपनी केंद्रीय यूनियनों से मिली है और न ही उच्च प्रबंधन स्तर पर ही कोई सर्कुलर आदि जारी हुआ है। इससे यहां बीएसपी कर्मियों के साथ यूनियनों में भी किंचित बेचैनी है। उच्च प्रबंधन के पिछले रवैय्ये को देखते हुए एनजेसीएस यूनियनें सजग हो गई हैं और अधिक बोनस के लिए शुरुआती माहौल बनाना शुरु कर दिया है। यूनियनें इस साल अधिक बोनस की मांग कर रही हैं और इस मामले में प्रबंधन के कोताही बरतने के पुराने बोनस फार्मूला जैसे किसी भी कदम का पुरजोर विरोध करने की रणनीति बनाएंगी। इस साल 40 हजार रुपए से अधिक बोनस की मांग की जा रही है। यूनियनों के मुताबिक पिछली बार वर्कर्स को न तो दुर्गापूजा के पूर्व बोनस दिया गया था और न ही मांग के अनुरुप सम्मानजनक बोनस राशि ही दी गई थी। यूनियनों ने इसका व्यापक विरोध किया था।



#### प्राफिट में है कंपनी, नुकसानदेह है फार्मूला

सेल इस साल भी प्राफिट में है। यूनियनों के मुताबिक कंपनी 2 हजार करोड़ से अधिक के प्राफिट में है। प्रबंधन को कर्मियों के उत्पादन उत्पादकता के योगदान को देखने की जरुरत है न कि कर्मियों को नुकसान पहुंचाने वाले पुराने बोनस फार्मूला का राग आलापने की जरुरत है। यदि इस बार पिछली बार की तरह बोनस को लेकर प्रबंधन द्वारा हठधर्मिता दिखाई गई तो पुरजोर विरोध किया जाएगा। 40 हजार से अधिक बोनस की मांग का संदेश पहुंचाने जल्द यहां यूनियनों की बैठक बुलाकर प्रभावी रणनीति बनाई जाएगी।

#### बिना निर्णय के सीधे खाते में अल्प बोनस

गौरतलब हो कि वर्ष 2024 में एनजेसीएस बोनस बैठक में सदस्य इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस और बीएमएस द्वारा पूरी एकजुटता दिखाते हुए बोनस फार्मूला को नुकसानदेह बताते हुए अधिक बोनस मांग की जाती रही। लेकिन बैठक बेनतीजा खत्म होने के बाद प्रबंधन ने एकतरफा निर्णय लेते हुए कर्मियों के खाते में सीधे मात्र 26 हजार 5 सौ रुपए बोनस डाल दिये थे। इसका यूनियनों ने पुरजोर विरोध किया था। प्रबंधन के पिछले रवैये को देखते हुए एनजेसीएस यूनियनें सजगता बरत रही हैं जल्द एनजेसीएस कमेटी की बैठक बुलाने की मांग कर रही हैं। एचएमएस महासचिव पीके मिश्रा बताते हैं कि दो साल पूर्व मिले 40 हजार 500 रुपए से ऊपर बोनस देने की मांग इस साल की जाएगी। प्रबंधन को जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने की जरुरत है, ताकि वर्कर्स में किसी प्रकार का असमंजस न रहे।

#### 40 हजार से अधिक मिले बोनस



सेल कर्मचारियों के कीर्तिमानी उत्पादन को देखते हुए इस साल 40 हजार 5 सौ रुपए से अधिक बोनस के लिए दबाव बनाया जाएगा। हमें पुराना बोनस फार्मूला मंजूर नहीं है क्योंकि इसमें जिन तथ्यों को जोड़ा गया है, वह वर्कर्स के हित में नहीं है। उच्च प्रबंधन दुर्गापूजा पूर्व बोनस निर्धारण के लिए एनजेसीएस बैठक बुलाए। **-पीके मिश्रा,** जीएस,एचएमएस

#### सम्मानजक बोनस के लिए एकजुट

सम्मानजनक बोनस मांगना मेहनतकश कर्मचारियों का हक है। 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से कर्मियों ने अपनी एकजुटता दिखा दी है। प्रबंधन के पिछले रुख को देखते हुए इस साल अधिकाधिक बोनस के लिए सभी यूनियनें सजग हैं और पूरी तरह एकजुट हैं। **-विनोद कुमार सोनी,** जीएस, एटक

## भिलाई-चरोदा निगम का स्वच्छ शहर में देशभर में 19वां स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा स्वच्छता सर्वेक्षण में 19 वां स्वच्छ शहर की गिनती में आ गया है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा पूरे देश भर के शहरों की स्वच्छता का आकलन करने के लिये प्रति वर्ष सर्वेक्षण किया जाता है।

वर्ष 2024-25 के सर्वे में भिलाईचरोदा ने नगर के जनसंख्या के आधार पर 50 हजार से 3 लाख की केटेगरी में शहर को भारत में 19 वाँ स्थान मिला। सभी जिलों में नगर को 12 वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। गत वर्ष के सर्वेक्षण में भारत में 460 वाँ स्थान प्राप्त हुआ था। प्रदेश में 107 वाँ स्थान मिला था। इस बार भारत वर्ष में 460 से 441 स्थान छलांग मारकर 19 वाँ स्थान बनाने भिलाई-चरोदा निगम कामयाब रहा है।

#### वन स्टार रैंकिंग भी है

आयुक्त ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के कचरा मुक्त शहरों की जारी सूची में शहर को 1 स्टार रैंकिंग दर्जा प्राप्त ओडीएफ प्लस, प्लस का दर्जा मिला है। इसका सबसे बड़ा श्रेय हमारी स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों को जाता है। जिन्होंने दिन रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के सहयोग के साथ ही शहर के नागरिकों, समाजसेवी संस्था, व्यापारियों का भी सहयोग इसमें रहा है।

महापौर निर्मल कोसरे, आयुक्त डीएस सिंह राजपुत ने सभी सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, नगर निगम के अधिकारियों, कर्मियों को का आभार जताते हुए आने वाले वर्ष में भी स्वच्छता को लेकर इससे बेहतर काम करने को कहा है।

### मैत्रीबागः बारिश में बोटिंग का लुत्फ उठा रहे यंगस्टर

**भिलाई।** बारिश के मौसम में खूबसूरत झील में बोटिंग करते बच्चे और यंगस्टर आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सभी के लिए रिमझिम फुहारों के बीच बोटिंग के रोमांच का अनुभव यादगार है। मैत्रीबाग प्रबंधनन द्वारा झील में जल स्तर बढ़ने के बाद एहतियातन सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। बरसात के मौसम के शुरु होने के बाद मैत्रीबाग में गर्मियों में दिखाई देने वाली रौनक भले ही थोड़ी कम हो गई है लेकिन युवाओं की आमद अभी भी बनी हुई है। खासकर उन्हें झील में बोटिंग का आकर्षण यहां खींच ला रहा है। पिछले हफ्ते तीन दिनों तक हुई वर्षा के बाद झील में जल स्तर बढ़ने के बाद इसकी खूबसूरती भी बढ़ गई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पिछले दिनों जामुल नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर वहां के एक निजी एजेंसी के कर्मी द्वारा हितग्राहियों से नक्शा, नापजोख और पेपर वर्क के नाम पर पैसा लेने का मामला सामने आया था। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद भी जब मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई और स्थिति जस की तस बनी रही तो बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने दुर्ग कलेक्टोरेट जाकर कलेक्टर से इसकी शिकायत की।

हितग्राहियों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उन्हें शासन की योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ तो दिया गया, लेकिन वहां बैठे एग्रीमेंट कर्मी राहुल देवकर उनसे नक्शा, नापजोख और पेपर वर्क के नाम पर 3000 रुपए कमीशन मांग रहा है। इतना ही नहीं वो हितग्राहियों से खुद मकान बनाने का ठेका भी ले रहा है।

जो लोग राहुल देवकर को मकान बनाने का ठेका दे भी रहे हैं तो उनका मकान मानक से अधिक क्षेत्रफल में बनाकर उनसे फिर पालिका की अनुमति के नाम पर पैसे की डिमांड कर रहा है। लोगों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## राज्य सुशासन नहीं जंगलराज की ओर अग्रसर : वदूद आलम

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ में बिगड़ी कानून व्यवस्था पर राज्य की सहायक सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति कई घटनाओं और आंकड़ों के आधार पर लगातार बदतर होती दिखाई दे रही है। अपराधों में वृद्धि, पुलिस की निष्क्रियता, नक्सली हिंसा, महिला सुरक्षा और राजनीतिक संरक्षण जैसे मुद्दों ने स्थिति को चिंताजनक बना दिया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15% की वृद्धि हुई। औसतन 5–6 मामले दर्ज हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी। राजधानी रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर जैसे शहरों में हत्या और लूटपाट की घटनाएं आम हो गई हैं। चाकूबाजी और गैंगवार की घटनाएं बढ़ी हैं, खासकर युवाओं में नशे के कारण। बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जैसे क्षेत्रों में नक्सली हमलों की घटनाएं अब भी चुनौती बनी हुई हैं। छत्तीसगढ़ में अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण और पैसे के बल पर बच निकलने की छूट मिली हुई है।प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं में नशे की स्थिति चिंताजनक है,सरकार युवाओं को शिक्षा रोजगार से वंचित कर, नशे की ओर धकेलकर वोट बैंक के लिए इस्तेमाल कर रही है। राज्य में शराब, गांजा, अफीम, स्मैक, कोरेक्स, टेबलेट और तंबाकू उत्पादों का सेवन लगातार बढ़ रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी इलाकों और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक है। बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, धमतरी व सरगुजा क्षेत्रों में अवैध खेती और तस्करी की घटनाएं सामने आई हैं। कॉलेज और स्कूल स्तर पर नशे का चलन खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है।

## बीएसपी के एसपी 3 में इन-हाउस उद्घाटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 के रॉ मटेरियल एरिया के बेल्ट कन्वेयर रूट बी-103 में इन-हाउस संसाधनों के माध्यम से नए स्टोन थ्रोवर सिस्टम की स्थापना सफलतापूर्वक की गई। नई स्टोन थ्रोवर प्रणाली का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक एस वर्गीज और सहायक महाप्रबंधक आरके रणदिवे भी उपस्थित थे।

- संसाधनों से नया स्टोन थ्रोवर सिस्टम की स्थापना

बी-103 बेल्ट कन्वेयर संयंत्र के अंदर उत्पन्न होने वाले स्क्रैप जैसे मिल स्केल, सिन्टर रिटर्न, एलडी स्लैग आदि को सिन्टर मशीन-1 तक ले जाता है। इससे अच्छी गुणवत्ता का सिन्टर तैयार किया जा सके। हाइवा और डंपर के माध्यम से स्क्रैप सामग्री ट्रैक हॉपर के बंकर में संग्रहित की जाती है। स्टोन थ्रोवर सिस्टम की स्थापना का कार्य महाप्रबंधक आई वी. रामण्णा के मार्गदर्शन में तथा महाप्रबंधक एससी चावरिया, सहायक महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक केके वर्मा, सहायक महाप्रबंधक एचएल मंडावी, जीतेश शाहनी व सहायक प्रबंधक आर किंडो की टीम द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। स्क्रैप सामग्रियों के साथ विभिन्न आकार के स्टोन के छोटे-बड़े टुकड़े और अन्य अवांछित पदार्थ नियमित रूप से अशुद्धि के रूप में मिलते रहते हैं, जिससे प्रपोर्शनिंग बिल्डिंग के बेल्ट वेट फीडर में बार-बार खराबी आती है। पिछले कुछ वर्षों में बेल्ट वेट फीडर की कार्य-कुशलता में गिरावट और मशीन-1 के रुकने की संभावना भी बढ़ गई थी।



#### तीस मीटर की ऊंचाई पर स्थापित

समस्या के समाधान के लिए रॉ मटेरियल एरिया की टीम ने इन-हाउस संसाधनों से नया स्टोन थ्रोवर सिस्टम उसके ड्राइव यूनिट सहित सभी सुरक्षा सुविधाओं के साथ डिजाइन कर तैयार किया। इसे बी-103 बेल्ट कन्वेयर के ड्राइव साइड पर 30 मीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया। स्टोन थ्रोवर सिस्टम, आकार के रॉ मिक्स की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे सिन्टर मशीन-1 का निर्बाध संचालन संभव होगा।

**महीनेभर से दो तीन दिन के अंतर से नलों में आ रहा पानी**

# रिसाली में गहराया पेयजल संकट, नगर निगम बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मानसून में जलाशयों में पर्याप्त पानी है। अभी गर्मी का मौसम भी नही है। लेकिन भिलाई के आधा हिस्से की जनता महीनेभर से पानी के लिए तरस रही है। वहीं नगर निगम रिसाली उदासीन बना हुआ है।

- इस्पात नगर, हिंद नगर, प्रगतिनगर और टंकी मरौदा में परेशानी

नगर निगम रिसाली क्षेत्र में महीनेभर से हजारों लोग पेयजल किल्लत का सामना कर रहे हैं। नलों में पानी आने का निर्धारित समय सुबह 7 बजे है। लेकिन नगर निगम पिछले महीनेभर से वार्डों में जलापूर्ति का समय भूल गया है। पानी दो, दो तीन तीन दिन नहीं आ रहा है। आ भी रहा है तो कभी दोपहर 12 बजे तो कभी 2 बजे और कभी शाम सात बजे जलापूर्ति की जा रही है। इससे महिलाओं बच्चों व कामकाजी लोगों को होने वाली दिक्कतों की कल्पना निगम के जिम्मेदार महसूस कर सकते हैं। पेयजल संक्ट की यह स्थिति रिसाली मड़ौदा बस्ती व रिसाली बस्ती के वीआईपी नगर, इस्पात नगर मैत्रीनगर, आशीष नगर, प्रगति नगर प्रियंका नगर और हिंद नगर, टंकी मड़ौदा आदि कालोनियों यानी नगर निगम रिसाली के अधिकतर वार्डों में यही स्थिति है। इस्पात नगर की संध्या दुबे बताती हैं कि कालोनी के लोग बीस पच्चीस दिन से पेयजल किल्लत झेल रहे हैं। शिकायत पर निगम के लोग उदासीन हैं। आशीष नगर के एनके सेन बताते हैं कि पेयजल किल्लत से पूरी गर्मी गुजर गई और अब बारिश में भी पानी को तरसना पड़ रहा है।



#### बोरिंग वालों को राहत

रिसाली निगम क्षेत्र की जिन कालोनियों के लोगों के घरों में बोर खनन हुआ है वे थोड़ी राहत में हैं। इनकी तादाद बहुत कम है। अधिकतर लोग नगर निगम के भरोसे हैं। ऐसे लोगों की भीड़ पानी के लिए बर्तन लेकर बोर वालें के घरों में लग रही है। यानी दोनों ही परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी और जन प्रतिनिधियों को हमारी परेशानी से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

### गुरु घासीदास सेवा समिति ने हेल्थ का रखा ध्यान, हुई निःशुल्क जांच

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर-6, भिलाई पंजीयन क्रमांक 5716 दुर्ग के तत्वावधान में गुरु घासीदास सेवा समिति, सतनाम भवन, सेक्टर-6 के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन समाज की सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए किया गया। इस शिविर में लगभग 70 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ की जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लेकर लाभ प्राप्त किया। शिविर में समाज की वरिष्ठ डॉक्टरों ने निशुल्क सेवाएं दी। इस शिविर में स्त्री रोग एवं निःसंतानता विशेषज्ञ डॉ. संगीता पात्रे, डॉ. रितु कुर्रे रायपुर, त्वचा रोग विशेषज्ञ एवं सीनियर रेजिडेंट पं. जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज, धनेश्वरी देशलहरे की टीम और हेल्थ एडवाइजर द्वारा मरीजों को लाभ मिला। इस दौरान सामाजिक सदस्यों ने समिति से हर माह शिविर का आयोजन नियमित रूप से किये जाने को कहा। जिससे समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो सके। गुरु घासीदास सेवा समिति के सदस्यों ने डॉक्टर्स की टीम का आभार व्यक्त करते हुए समाज में उनके योगदान को सराहा।

पेज 9 के शेष

### हड़ताल करने पर ....

कुछ प्रधान पाठक एवं प्राचार्य द्वारा सफाई कर्मचारी को नियुक्ति पत्र दिया गया था, पर बाद में उसे वापस मांग लिया गया फिर उसे फिर से कभी नहीं दिया गया। सन 2013–14 में दो घंटा सुबह, दो घंटा शाम भी कार्य लिया गया है, जिसमें यह कहा गया था कि आंगन, पेड़ पौधों की सफाई एवं छत के ऊपर भी सफाई को विशेष ध्यान देना है और 2 घंटा सुबह और 2 घंटा शाम काम करने का आदेश आया है पर उसे पुनः दो घंटा कर दिया गया कर्मचारियों के साथ यह अन्याय हैं।

### दल्लीराजहरा में लाल ...

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बीएसपी, जो पूरे क्षेत्र के खनिज संसाधनों का दोहन करती है, उसने शहर की जल निकासी व्यवस्था को लेकर कोई स्थायी योजना नहीं बनाई है। वर्षों से विकास के नाम पर करोड़ों खर्च हो रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि 25 किलोमीटर के दायरे में बसे क्षेत्रों के लिए बीएसपी और नगर पालिका की ओर से कोई असरदार उपाय नहीं किया गया। लाल पानी से आसपास के खेत बंजर हो गए हैं, सवाल उठता है कि क्या बीएसपी केवल खनन करेगी और पर्यावरण व नागरिकों की सुरक्षा से मुंह मोड़ती रहेगी? स्थानीय लोगों का आक्रोश अब फूटने लगा है। प्रशासन को चेतावनी दी जा रही है कि यदि समय रहते जल निकासी व प्रदूषण रोकने के उपाय नहीं किए गए, तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। दल्लीराजहरा की हालत फिलहाल किसी खनिज श्मशान से कम नहीं। लाल पानी का यह संकट अब केवल स्वास्थ्य या पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। बीएसपी प्रबंधन और प्रशासन की लापरवाही से दल्लीराजहरा अब लाल पानी का शहर बन गया है। ये विकास है या विनाश? एक स्थानीय बुजुर्ग का सवाल, जो पूरे शहर की पीड़ा बयां करता है। दल्लीराजहरा शहरवासी आगामी दिनों में बीएसपी प्रबंधन के अलावा स्थानीय प्रशासन के खिलाफ में उग्र और बड़ा आंदोलन कर सकती है इस तरह के संकेत मिलने लगे हैं। बीएसपी महाप्रबंधक आर बी गहरवाल कहते हैं कि सीएसआर के तहत दल्लीराजहरा शहर के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्र में भी वे स्वास्थ्य, शिक्षा और जल संरक्षण पर काम कर रहे हैं,हैं आगे भी करते रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### जनपद कार्यालय में लगी बायोमेट्रिक मशीन

**डौंडीलोहारा।** जनपद पंचायत में अब अधिकारी-कर्मचारियों का बायोमैट्रिक उपस्थित दर्ज होना शुरू हो गया है। इससे समय सीमा पर सभी कर्मचारी अपने कार्यालय के कक्ष में उपस्थित रह कर कार्यालयीन कार्य को संपादित करेंगे। सीईओ पंकज देव ने कहा कि हमारे सभी अधिकारी कर्मचारी सुबह 10 बजे उपस्थित होकर अपने कार्यालयीन कार्य को संपादित करते हैं, लेकिन थोड़ा बहुत भी विलंब होगा तो बायोमैट्रिक से मॉनिटरिंग हो जायेगी। माह के अंतिम सप्ताह में बायोमैट्रिक की रिपोर्ट निकालकर विलंब से आने अधिकारी कर्मचारियों को शोकाज नोटिस जारी की जायेगी। जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

### हरियाली का उल्लास धूमधाम से मनाया जाएगा पर्व



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और प्रकृति प्रेम का प्रतीक हरेली तिहार गुरुवार को पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। दल्लीराजहरा सहित समूचे अंचल में इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। झमाझम बारिश के बावजूद लोगों का जोश कम नहीं हुआ है, बल्कि हरियाली से सराबोर धरती पर यह पर्व और भी आनंददायक बन गया है। हरेली, जिसका अर्थ ही होता है हरियाली का त्यौहार, छत्तीसगढ़ की कृषक संस्कृति का एक अहम पर्व है। यह त्योहार श्रावण मास की अमावस्या को मनाया जाता है और किसान वर्ग इस दिन अपने खेती-बाड़ी के औजारों की पूजा कर प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करता है। गांवों में घर-घर व देवगुड़ी में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

### ज्ञानोदय संगीत कॉलेज में हुआ पौधारोपण

**डौंडीलोहारा।** ज्ञानोदय संगीत महा विद्यालय देवरीबंगला में पौधारोपण किया गया। प्रशासन के निर्देशानुसार संगीत विद्यालय के प्राचार्य एलडी ढाले ने संगीत शिक्षा के साथ-साथ पौधे लगाकर विद्यालय की रौनकता को बढ़ाया है। प्राचार्य का प्रकृति के प्रति बहुत गहरा लगाव है, वहीं विद्यालय समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने पौधा लगाकर सहयोग प्रदान किया। ग्राम पंचायत देवरी बंगला का संगीत विद्यालय के प्रति जनसहयोग होता आ रहा है। पौधारोपण में अशोक परसाई, गोयलजी, छात्र गोविंद कुमार, सेलेश कुमार उपस्थित थे।

### अभियान चलाकर 15 असामाजिक तत्वों को पकड़ा

**भिलाई।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 15 के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। एएसपी ने बताया कि दुर्ग अनुभाग के थाना प्रभारी के अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों, बदमाशों की धरपकड़ की गई।

## परेशानी : भूमि की उपजाऊ क्षमता प्लास्टिक के कारण कम हो रही

# किसानों की फसल पर प्लास्टिक का संकट डिस्पोजल व पाउच से खेत हो रहे बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

सिकोसा देशी विदेशी शराब दुकान में संचालित अहाता चखना दुकानो में बेचे जा रहे प्रतिबंधित डिस्पोजल व पानी पाऊच को बंद करने की मांग ग्रामीण एवं किसानों ने किया है। ग्रामीणो ने बताया कि शराब दुकान के पास चखना की दुकाने संचालित है। जिसके समीप कई किसानो का खेत लगा हुआ है। किसानो ने बताया कि खेत से लगा चखना दुकान होने के कारण शराबीयों द्वारा शराब सेवन करने के बाद खाली डिस्पोजल, पानी पाऊच को वही पर फेक दिया जाता है जो हवा मे उड़कर खेतो मे आ रहा है।

जिस प्लास्टिक के कारण खेतो की जमीन पर प्रभाव पड़ रहा है और भूमि की उपजाऊ क्षमता प्लास्टिक के कारण कम हो रही है। जिससे धान की फसल को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणो ने कहा कि सिकोसा देशी एवं विदेशी शराब भट्टी में संचालित अहाता सेंटर में सरकार द्वारा प्रतिबंध डिस्पोजल एवं पानी पाऊच को धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, चुकी नियम के अनुसार डिस्पोजल एवं पानी पाउच न बेचने की हिदायत दी गई है एवं आबकारी विभाग के द्वारा जारी नियम में साफ साफ दर्शाया गया है कि पर्यावरण एवं साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधत डिस्पोजल एवं पानी पाऊच का उपयोग प्रतिबंध रहेगा। किसानों ने कहा सरकार के इस नियम के बाद भी इन नियमों का धज्जियां उडाते हुए यह कार्य धडले से चालू है, हमारे द्वारा आबकारी अधिकारी, खाद्य विभाग, ग्राम पंचायत को सूचना देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। नियमों को ताक पर रखकर प्रतिबंधित पानी पाऊच और डिस्पोजल बेचा जा रहा है। उसकी जांच कर लाइसेंस रद्द किया जाये। ग्रामीणो ने कहा प्लास्टिक को पर्यावरण, जलवायु व स्वास्थ्य के लिए अभिशाप मानते हुए इस पर बैन लगाया जा रहा है।



सरकारी शराब दुकान के आस पास ऐसे ही प्लास्टिक डिस्पोजल व पानी पाऊच से पूरा क्षेत्र भरा पड़ा है। यह सरकार की स्वच्छ भारत योजना को भी मुंह चिढ़ा रहा है। इस ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं को भी ध्यान देने की जरूरत है। अभी तक खाद्य विभाग, आबकारी अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधियों कार्यवाही नहीं होने से चखना दुकान संचालको के हौसला दिनों दिन और बुलंद होते जा रहे हैं और उनके द्वारा खुल्लेआम डिस्पोजल बेचने से सड़क किनारे गंदगी फैल रही हैं जिससे राहगीरों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## तहसील साहू संघ देवरी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

तहसील साहू संघ देवरी की मासिक बैठक साहू सदन, नर्मदाधाम सुरसुली में आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक समरसता व संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई और सभी समाजजनों की बैठक में अनिवार्य उपस्थिति पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष इमेश कुमार साहू ने साहू सदन को छत्तीसगढ़ महतारी की तेलचित्र भेंट की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत, बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिलेभर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में तहसील साहू संघ देवरी द्वारा भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नरेंद्र हिरवानी, रमेश सोनवानी, टुमनलाल साहू, अविनाश कुमार साहू, टी. आर. साहू, निरंजन साहू, छक्कन साहू, श्यामलाल हिरवानी, डीपेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, उर्मिला साहू, कांति साहू, इंदू साहू, धनेश्वरी साहू, गुड्डु सोनबरसा, गोपाल प्रसाद साहू, ओमदास सार्वा, दिनेश साहू, ढाल सिंह साहू, रविन्द्र साहू, वीरेंद्र साहू, राधेश्याम साहू, रामप्रसाद साहू, पुनाराम साहू सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## नगर में हुआ स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड में खेल और शारीरिक शिक्षा को महत्व देने के लिए सौरव शर्मा एवं लुकेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ किया गया। क्लब के उद्घाटन में नगर पंचायत के अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम तथा उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एस एम डी सी के अध्यक्ष लीलेंद्र सिन्हा और व्याख्याता एनुका शार्वा उपस्थित थे।

यह क्लब /"लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम डौंडी लोहारा/" में प्रतिदिन संचालित होगा। इसमें किसी भी विद्यालय के या लोहारा क्षेत्र के अंतर्गत सभी 10 वर्ष आयु से लेकर 20 वर्ष तक आयु समूह के बच्चों के लिए क्रिकेट तथा वॉलीबॉल का सुबह शाम प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रशिक्षक के रूप लुकेन्द्र ठाकुर, हेमंत साहू, दिनेश नायक,



खिलेश्वर रावटे पूनम पटेल, हनीश निषाद, शुभम उइके, यतेंद्र कुम्भकार, हितेश कार्ते, सोनू सिन्हा, रहेंगे। विशेष मार्गदर्शक के रूप में एनुका सार्वा, शिवेंद्र बहादुर, लवण साहू, डुप्ले साहू, कपिल पटेल उपस्थित रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष टेकाम ने क्लब के गठन के पहल को एक सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में शारीरिक शिक्षा अति आवश्यक है। इसी क्रम में नेहा उपाध्याय ने कहा कि बच्चों को मन और शरीर दोनों को स्वस्थ रखने के लिए खेलों में भाग लेना चाहिए और उसका निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।इस अवसर पर शिक्षा विभाग से छबीलाल जांगड़े, वीरेंद्र देवहारी हेमंत दखने, रीना बोरकर, रंजना साहू एवं समस्त व्यायाम शिक्षक एवम खिलाड़ीगण उपस्थित थे।

## मदिरा पीकर लोग संस्कार और मर्यादा भूल रहे

### मधुर साहित्य परिषद ने पुस्तक चर्चा एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद द्वारा बटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर मां बंजारी धाम जुंगेरा में पुस्तक चर्चा एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बालोद जिला के साहित्यकार डॉ. अशोक आकाश की कृति मदिरालय पर चर्चा गोष्ठी के साथ काव्य पाठ का आयोजन किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग मानपुर मोहला जिला समन्वयक डॉ. इकबाल खान तन्हा थे। अध्यक्षता मधुर साहित्य परिषद् जिला बालोद अध्यक्ष डॉ. अशोक आकाश ने की। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता बालोद प्रशांत पारख, साहित्यकार एवं व्याख्याता देव जोशी गुलाब, साहित्यकार एवं जिला पंचायत सदस्य मोहला लखन लाल कलामे लहरिया, साहित्यकार संत दिनेंद्र दास, कन्हैयालाल बारले, जितेंद्र पटेल एवं जसवंत मांडवी उपस्थित थे। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष डॉ. अशोक आकाश ने आयोजन की रूपरेखा रखते, मधुर साहित्य परिषद् जिला बालोद की आगामी कार्ययोजना पर बात रखते 28 जुलाई को होने वाले स्थापना दिवस समारोह एवं संस्था की वार्षिक पुस्तिका विमोचन समारोह की रूपरेखा रखी। संत दिनेन्द्र दास साहेब ने कहा मदिरा पीने के बाद लोग अपना संस्कार भूल जाते हैं, मर्यादाहीन हो जाते हैं सुध–बुध खो बैठते हैं, ऐसे लोगों को उनके रिश्तेदार अन्य व्यक्ति पसंद ही नहीं करते, जीवन सुधारने सद् मार्ग में चलने प्रेरित करती काव्यकृति मदिरालय के माध्यम से डॉ. अशोक आकाश ने जनमानस की दुखती रग पर हाथ रखकर कविता लिखे है। पुस्तक चर्चा में बात करते हुए व्याख्याता देव जोशी गुलाब ने कहा मदिरालय व्यंगात्मक काव्य कृति है,



जिसमें मदिरा प्रेमी के स्वभाव की विश्लेषणात्मक विवेचन करते हुए व्यंग्यात्मक प्रहार किया गया है। मानपुर मोहला से आए लखन लाल कलामे लहरिया ने कहा डॉ. अशोक आकाश द्वारा रचित काव्य कृति मदिरालय बहुत ही सुंदर और सरल भाषा में युवा पीढ़ी को व्यंग के माध्यम से कटाक्ष कर नशा से दूर रखने का साहित्यिक एवं नव सृजनात्मक प्रयास है। चर्चा गोष्ठी में जितेन्द्र पटेल, वीरेंद्र अजनबी, देवनारायण नगरिया, कन्हैया लाल बारले ने द्वितीय सत्र में काव्य पाठ किया। जिसमें सभी साहित्यकारों ने काव्य पाठ कर जनमानस को संदेश दिया उक्त आयोजन में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम की गूंज रही, सभी कवियों ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने और उसकी आजीवन रक्षा कर्तव्य निभाने की की प्रेरणा पूर्ण काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन मधुर साहित्य परिषद् तहद इकाई डौंडीलोहारा सचिव लालेश्वर अरुणाभ ने किया।

## फोटो से ज्यादा जरूरी है पौधों की परवरिश दिखावे में सिमटता पौधारोपण अभियान

**लाटाबोड़।** सावन का महीना चल रहा है और इसके साथ ही पौधारोपण का मौसम भी पूरे शबाब पर है। जिले भर में पौधारोपण के नाम पर नेताओं, अधिकारियों, समाजसेवियों और पत्रकारों तक की सोशल मीडिया दीवारें हरे-भरे पौधों और मुस्कुराते चेहरों से रंगी हुई हैं, लेकिन असल सवाल यह है कि क्या यह अभियान धरातल पर भी उतना ही हरा-भरा है, जितना यह फेसबुक और इंस्टाग्राम पर दिखता है?

इन दिनों एक पौधा लगाने के लिए चार से छह लोग लगते हैं–कोई गड्ढा खुदवाता है, कोई पानी डालता है और बाक़ी कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवाते हैं। बधाई हो, सराहनीय प्रयास, ग्रीन इनिशिएटिव जैसे कमेंट्स के बीच असल मुद्दा कहीं खो जाता है–उस पौधे की देखभाल कौन करेगा? पिछले साल जिले में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया गया था। नेताओं और अधिकारियों ने खूब फोटो खिंचवाई, सरकार को रिपोर्ट भेज दी, लेकिन महीनों बाद उन पौधों की सुध लेने कोई नहीं आया। नतीजा ये हुआ कि ज़्यादातर पौधे सूख गए, कई जगह एक मग पानी तक नसीब नहीं हुआ। प्रकृति की अनदेखी महंगी पड़ सकती है यह समय है जब हमें दिखावे से ऊपर उठकर प्रकृति के साथ ईमानदार रिश्ता बनाना होगा। सिर्फ पौधा लगाने भर से कोई क्रांति नहीं आएगी, बल्कि जब तक वह पेड़ न बन जाए, उसकी देखभाल, पानी देना, सुरक्षित रखना उतना ही ज़रूरी है। पौधारोपण नहीं, उसका पालन चाहिए जिला प्रशासन और समाज के सभी वर्गों को यह समझना होगा कि एक दिन का फोटो सेशन प्रकृति की सेवा नहीं है। अगर हर साल आप उसी पेड़ की फोटो शेयर करें, जो आपने लगाया था और अब बड़ा हो गया है, तो यह असली प्रेरणा बनेगा।

## कन्या कॉलेज में समाजसेवी संस्था ने लगाए 416 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय कर्मा कन्या महाविद्यालय में समाज सेवी संस्था सिरुबाई भोमराज कल्याण समिति एवं नगर पालिका के सहयोग से युवा मित्र क्लब द्वारा 416 फल एवं छायादायी पौधे का रोपण किया गया। वहीं महाविद्यालय परिसर में ही पौधे लगाने आये परिजनों के बच्चों से 100 पौधे फूल और फलों के भी लगवाए गए, जो बाल फुलवारी के रूप में विकसित किया जाएगा।

उत्साहपूर्ण माहौल में यह एक जन आंदोलन जैसा प्रतीत हो रहा था, इस आयोजन में बालोद नगर के सभी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लोगों ने अपने मां के नाम के अलावा स्मृतिशेष परिजनों के नाम से भी पौधे लगाए आयोजन में रायपुर के पर्यावरण प्रेमी डॉ. पदम् जैन उपस्थित थीं। वहीं बालोद नगर पालिका के पार्षदों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने भी पौधे रोपे, आयोजन के संबंध में सिरुबाई भोमराज कल्याण समिति के विकास जैन एवं युवा मित्र क्लब के संयोजक विनोद जैन मोनू ने बताया कि पौधारोपन का यह आयोजन बड़ा होने के साथ ही पूर्ण करने की चुनौती भी थी, जिसमें श्रीश्रीमाल ज्वेलर्स के संचालक शंकरलाल जैन एवं नगर पालिका के सहयोग से यह संभव हो पाया। यहां लगे सभी पौधों की 3 साल तक देखभाल की जिम्मेदारी भी समिति ने ली है, जो पौधे लगाए गए हैं, उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प पूरा करेंगे। समिति द्वारा



जानकारी दी गई कि शहर के अन्य जगहों पर भी छोटे-छोटे आक्सीजन जोन बनाने का अगला सोपान भी तय किया जाएगा, जो शहर के वातावरण को शुद्ध रखने और के दिनों में यहां की तपिश को कम करने में मिल का पत्थर साबित होगा, आने वाले समय में पालिका प्रशासन के सहयोग से तालाबों के किनारे तथा अनुपयोगी शासकीय जमीनों में पौधे लगाए जाएंगे। आयोजन में नगर के चिकित्सक डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. एव्ही महेश्वर, चेतना महेश्वर, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष स्वरूप राठी, जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला, ब्रजेश पांडेय, रूपचंद जैन, शिव जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, योग शिक्षक रविप्रकाश पांडेय, नगर पालिका के पार्षदगण अधिकारी कर्मचारी एवं महाविद्यालय के शिक्षकगणों का सहयोग रहा।

### खरथुली स्कूल परिसर में 250 पौधे लगाए गए



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरधुली में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत का विशेष सहयोग रहा, जिसके अन्तर्गत विद्यालय परिसर में पौधे लगाने गड्ढा खोदाया गया एवं लगभग 250 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सरपंच हरख राम खरे, उपसरपंच गोपेश्वर पिस्दा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मानसिंह तारम किर्तन राम देवांगन, डिलेन्द्र साहू, देवलाल देशमुख, कृष्णा राम पुजार्य, सुलेना निषाद, गंजूलता महेश्वरी मुआर्य, लता केराम, गौरी बाई देवांगन, देवकी बाई, प्राचार्य भागवत चतुर्वेदी द्वारा पौधा पूजन कर अतिथियों का गुलाल वंदन किया गया। इसके बाद सभी छात्र, छात्राओं एवं उपस्थित गणमान्य नागरिक विद्यालय स्टॉफ को एक पेड़ मां के नाम लगाने एवं उसकी सुरक्षा हेतु प्रतिज्ञा दिलायी गई। गया। विद्यालय स्टॉफ से डामेन्द्र कुमार साहू, प्रदीप कुमार साहू, राजेश कुमार साहू, खेमलाल ठाकुर होरी लाल पटेल, रेखा देखमुख, यशोदा नायक इंदु वर्मा, हरीश कुमार रावटे, ललेश्वर कुमार ठाकुर, मनोहर लाल सिन्हा एवं गजेन्द्रपुरी गोस्वामी ने भी फल और छायादायी पौधे लगाये।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## अर्जुदा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुदा बालोद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रकोष्ठ द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. दीपिका द्वारा सेमेस्टर में सामान्य ऐच्छिक एवं कौशल अभिवृद्धि पाठ्यचर्चा विषय के चयन, योग्यता अभिवृद्धि पाठ्यचर्चा, डिसिप्लीन स्पेशिफिक




कोर्स एवं सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कहा गया कि विषय का चयन अपनी पसंद एवं कैरियर को ध्यान में रखकर करे, महाविद्यालय में संचालित कौशल विकास क्षमता कार्यशाला में भाग लेने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संयोजक दीपिका कंवर द्वारा तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिए निर्धारित आवश्यक मापदंड की जानकारी दी गई एवं प्राध्यापकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि सिंह, प्रभा शर्मा, मोहित साव, डॉ. प्रदीप प्रजापति, डॉ. प्रीति धुरवे राष्ट्रीय शिक्षा नीति एंबेसडर बीएससी से मुक्ता देवांगन, बी.कॉम से पंकज, बी.ए.से लोकेंद्र कुमार एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

Admission Open
SHAILDEVI
PVT ITI



STENO(HINDI)
ELECTRICIAN
COPA
FITTER
SOLAR TECHNICIAN
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी..
100% Placement
ANDA, DURG (C.G.)
6264536162, 9516877654

## खबर संक्षेप

### लघु वनोपज सहकारी समिति ने चरण पादुका का किया वितरण



**डौंडी।** ब्लॉक के लघु वनोपज सहकारी समिति मथेना क्षेत्र के ग्राम दिघवाडी में जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी द्वारा चरण पादुका हितग्राहियों को वितरण किया गया। हितग्राहियों ने चरण पादुका वितरण करने पर खुशी के माहौल पर छत्तीसगढ़ शासन सहित हिचामी को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया ,इस अवसर पर जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी उपरसंच धर्मेंद मंडावी, पंच गणेश्वर गावड़े, लघु वनोपज सहकारी समिति मथेना प्रबंधक नरेश मंडावी ग्रामीण विजय मंडावी नंद कुमार मंडावी सहित हितग्राही ग्रामीण उपस्थित थे।

### जामगांव आर में नागपंचमी पर होगा रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय जाप

**जामगांव आर।** नागपंचमी के पावन अवसर पर जामगांव आर कला मंच बाजार चौक में 29 जुलाई को संगीतमय विशाल रुद्री पाठ, रुद्राभिषेक, काल सर्प दोष पूजन एवं महामृत्युंजय जाप, पावन महापर्व पूजन विद्वान आचार्यों द्वारा कराया जाएगा। इस आयोजन में आचार्य आकाश शास्त्री, आचार्य शेषनारायण चौबे, भगवताचार्य संतोष शर्मा, उमाशंकर शुक्ला, प्रेमानंद महाराज खर्रा माधव, महाराज आदित्य पांडे, अभिषेक शर्मा, नवीन शर्मा, पंडित कान्हा सिद्ध, महाराज तुषार महाराज का सानिध्य शिव भक्तों को प्राप्त होगा। उक्त जानकारी देते हुए पंडित अभिषेक शर्मा ने बताया कि आयोजकों से संपर्क कर गोत्र परिवार के नाम से रुद्राभिषेक, शिवपूजन, कालसर्प पूजन, महामृत्युंजय जाप कराते हुए ब्राम्हण भोजन का लाभ भी भक्तगण ले सकते है।

### राज राजेश्वर सेवा संस्थान ने कांवरियों के लिए की स्वल्पाहार की व्यवस्था



**डौंडीलोहारा।** मालीघोरी खपरी व आसपास के क्षेत्र से कांवरियों का जत्था रविवार को जल लेने नर्मदाधाम सुरसुली पहुंचे थे। नर्मदा धाम से कांवरिये जल लेकर पदयात्रा करते हुए डौंडीलोहारा पहुंचे, जहां कांवरियों के लिए जगह-जगह पानी व स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इसी तारतम्य में बटेरा चौक पर श्रीराज राजेश्वर सेवा संस्थान राजेश तिवारी के निर्देशन में स्वल्हपाहार की व्यवस्था की गई। पंडितजी ने स्वयं कॉवरियों के साथ रहकर उनका मनोबल बढ़ाते रहे, स्वल्पाहार व्यवस्था के लिए निर्माणाधीन मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महरू राम सिन्हा, उपाध्यक्ष भगवानी सिन्हा, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, सहसचिव गणेशराम यदु, संचालक डॉ. केएल सिन्हा, सचिव रविचंद सिन्हा, सदस्यगण संतोष सिन्हा, परसराम लोहेद्र, मुरहा पटेल, जंगलू यादव, श्याम नारायण सिन्हा, ईश्वर सिन्हा सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

## मांग : मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# ओबीसी महासभा ने मांगा 27 प्रतिशत आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा/बालोद/गुण्डरदेही/गुरुर








ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में ओबीसी आरक्षण को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार के माध्यम से विगत 32 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर एक सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञात हो की इसी सिलसिले मे बालोद जिला मुख्यालय में कलेक्टर बालोद दिव्या उमेश मिश्रा को एवं जिले के सभी एसडीएम, तहसील कार्यालयों में ज्ञापन सौंपा गया। मांग में उल्लेख किया गया है कि देश की संघीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदाय को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को समानता के अवसर उपलब्ध कराते हुए समुचित विकास एवं उत्थान की व्यवस्था किया गया है। तदानुसार केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति को 7.50 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लगभग आबादी के बराबर किया गया है जबकि केंद्र सरकार ने मंडल कमीशन के अनुशंसा के अनुसार संविधान लागू होने के 44 साल बाद माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है ।साथ ही राज्य की स्थिति के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को राज्य शासन के द्वारा आरक्षण सुनिश्चित करने का अधिकार दिया गया है किंतु ओबीसी समुदाय को अभिभाजित मध्य प्रदेश में मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण शिक्षा एवं रोजगार में दिया गया है जो कि आज पर्यंत छत्तीसगढ़ राज्य में लागू है। बहुसंख्यक ओबीसी समुदाय को आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी (आरक्षण) प्रदान नहीं करने के कारण प्रदेश के ओबीसी समुदाय का समुचित विकास एवं उत्थान में अपरिमित नुकसान हो रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित कर महामहिम राज्यपाल की हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया गया था जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत अनुसूचित जाति 13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत एवं आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को चार प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 में हस्ताक्षर किए जाने हेतु आवश्यक पहल कर हमें अनुग्रहित करने का अनुरोध किया गया है या 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के लिए अध्यादेश पारित कर पुनः विधेयक पास कर लागू करने का सुझाव दिया गया है।

इस आशय का ज्ञापन ओबीसी महासभा द्वारा विगत वर्षों के लगातार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार के माध्यम से दिया जा रहा है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अब तक समुचित प्रयास नहीं किया गया है, जिससे ओबीसी समुदाय में रोष व्याप्त है। यदि हमारी मांगों पर सरकार आवश्यक पहल नहीं करती है, तो ओबीसी महासभा चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

बालोद जिला में ज्ञापन सौंपने के लिए प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश महासचिव यज्ञदेव पटेल, प्रदेश सचिव भूपेंद्र साहू, प्रदेश कार्यालय प्रभारी प्रीतम देशमुख, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भगवती सोनकर, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा चमेली साहू, जिला महासचिव महिला मोर्चा प्रतिमा यादव, जिला सचिव महिला मोर्चा पद्मिनी साहू ,जिला सचिव नारायण साहू, आस्था चंद्राकर, यूरेका साहू, माधुरी साहू, कृष्णकांत पटेल, देवेंद्र साहू, देवेंद्र देवांगन, कमलकांत मानिकपुरी, अखिलेश यादव, पिंगल सिन्हा, लक्ष्मी कसेर, रमन निषाद,निशा देशमुख, प्रेम यादव ,संतोष वर्मा, सुखिया, देवारीन साहू ,डामिन, समारीन साहू ,रामेश्वरी देवांगन, सोहनलाल, हेमराज देवांगन, प्रदीप कुमार, नरेश कुमार साहू, पन्नालाल, जितेन्द्र कुमार साहू, विक्की चन्द्राकार, राधा साहू सहित बड़ी संख्या में ओबीसी महासभा के पदाधिकारी शामिल हुए।

### गुरुर ब्लॉक में ज्ञापन

इसी प्रकार गुरुर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू,बालोद ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार साहू, वर्षा साहू महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष,राजेश साहू, माहेश्वर सिन्हा, कौशल,कमलेश सहित ओबीसी महासभा के पदाधिकारीगण गुरुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### गुण्डरदेही में ज्ञापन

गुंडरदेही ब्लॉक अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा,वीरेंद्र साहू, राम सेवक निषाद, कल्याण साहू, तेज देवांगन, अरुण साहू, राजेंद्र साहू सहित ओबीसी महासभा गुंडरदेही के पदाधिकारियों ने गुण्डरदेही में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### डौंडीलोहारा में ज्ञापन

डौंडीलोहारा ब्लॉक अध्यक्ष मेघनाथ नाथ साहू, ब्लॉक महासचिव लोकनाथ निषाद, सियाराम पटेल सहित बड़ी संख्या मे पदाधिकारियों ने डौंडीलोहारा में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

# मछुआरों की आर्थिक स्थिति सुधारने में जुटा बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ बोर्ड अध्यक्ष ने जिले का दौरा कर मछुवारों से रूबरू हुए और समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन



छत्तीसगढ़ में मछुवारों की स्थिति की जानकारी लेने निकले बोर्ड अध्यक्ष ने अपने दौरे के 28वें जिले के रूप में बालोद जिला का दौरा किया। इस दौरान बोर्ड ने जिले के मछुवारों की स्थिति, उनकी, समस्या व अन्य चीजों को समझा तथा समाज के प्रगति के लिए सुधार के साथ अन्य आवश्यक काम करने की बात कही। छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा बालोद जिले के प्रवास पर रहे। जहां निषाद समाज के सैकड़ों लोगों ने उनका सम्मान किया और मछुआरों को होने वाली समस्याओं से रूबरू करवाया। जिस पर भरत मटियारा ने सभी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उसका समाधान करने का आश्वासन दिया। बालोद प्रवास पर रहे छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि वह छत्तीसगढ़ के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं और बालोद में 28वें जिले के रूप में उन्होंने दौरा किया। जिले में मछुआरों की स्थिति को सुधारने विशेष प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मछुआरों के हित में किस तरह कार्य हो उसके लिए इस बोर्ड का गठन किया गया है और इसी प्रयास में कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मछुआरे किस तरह कार्य कर रहे हैं, उसकी क्या स्थिति है, क्या-क्या उपलब्धियां हैं, क्या जरूरत है। इन तमाम चीजों को दौरे के माध्यम से जाना जा रहा है। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की मछुआरों से संबंधित योजनाओं को मछुआरों तक पहुंचाने के लिए मत्स्य विभाग के अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया।

# एक दिवसीय आध्यात्मिक योग भट्ठी का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में नियमित रूप से ज्ञान सुनने वाले भाई बहनों के लिए एक दिवसीय आध्यात्मिक योग भट्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें माऊण्ट आबू राजस्थान से आए डॉ. बीके शक्तिराज के द्वारा बहुत ही क्रिएटिव मेडिटेशन राजयोग की विधि सिखाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत शांतिपूर्ण याद एवं ब्रहमाकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी के स्वागत भाषण के साथ हुई। तत्पश्चात नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी के द्वारा नगर की ओर भ्राता डॉ बीके. शक्तिराज भाई का स्वागत किया गया। योग भट्ठी को पावरफुल बनाने के लिए डॉ. बीजे. शक्तिराज ने नए–नए क्रिएटिव विडियो के द्वारा विजुलाईजेशन करने की विधि एवं राजयोग के विभिन्न अभ्यासों से स्वयं में परमात्मा की एनजऍ भरने की विधि तथा विभिन्न प्रकार के रोगों में राजयोग का प्रयोग करने की अनेक विधियों के साथ योगाभ्यास को रोचक तरीको से अभ्यास कराया गया। बीके. भाई बहनों ने अनुभवों में सुनाया कि इस प्रकार का राजयोग अभ्यास पहली बार किया जो बहुत ही पावरफुल था एवं मन को एकाग्रचित्त करने वाला था। अनुभव सुनाने वाले भाई बहनों में चिमन भाई, सुधाकर, दीपा बहन, प्रीति बहन चंद्रिका बहन उपस्थित थे।

# डॉ. राहुल बने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बालोद के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का बैठक बालोद मे संपन्न हुआ, जिसमे संघ द्वारा बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक के दौरान संघ से जुड़ी विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्व सम्मिति से डॉ राहुल अग्रवाल को समिति का अध्यक्ष, डॉ शिखर गुप्ता को सचिव एवं डॉ अजय साहू को क्लीनिकल सचिव निर्वाचित किया गया। बैठक के पहले बालोद आईएमए के द्वारा सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर से आये डॉ नमन जैन ने गठिया रोग के इलाज के बारे में नयी जानकारियां साझा किया। बैठक में बालोद आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन, पूर्व सचिव डॉ एवी महेश्वर, डॉ जयसिंग साहू, डॉ चेतना महेश्वर, डॉ प्रीति अग्रवाल, डॉ आकांछा साहू, डॉ प्रदीप साहू, डॉ विक्रांत केसरिया, डॉ पी सूर्यकुमार, डॉ अश्वनी मुंदावने उपस्थित थे।

नई कार्यकारणी को बालोद आईएमए. के प्रथम अध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश अग्रवाल, सदस्य डॉ बी.के क्लाडियस, डॉ शशि क्लाडियस सहित बालोद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जेएल उइके एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ जितेंद्र कुमार ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# कबीर नवजागरण समिति का किया गया पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



कबीर नवजागरण समिति परिक्षेत्र डौंडीलोहारा के पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया है।

जिसमें अध्यक्ष गौतम साहू नाहंदा, उपाध्यक्ष पुरानिक दास साहू आमटी, सचिव केशव साहू आलीखूंटा, कोषाध्यक्ष हेमंत सोनवानी बहेराभांठा, अंकेक्षक डी आर केकती लोहारा, संरक्षकगण महंत वामन साहब अछोली, महंत युगल साहब संबलपुर, महंत सजनू साहब नवागांव डुंडेरा, महंत केवल साहब फरदफोड़, महंत संतराम साहब खुरसुल, महंत रामदास साहब सिरपुर,आजीवन सदस्य श्याम दास साहू तुमड़ीबोड़, सुमेर सिंह पोंगरा अंडी, मंगलदास साहू रानीतराई हैं। पूर्व अध्यक्ष कल्याण साहू को संरक्षक मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार पूर्व पदाधिकारी उपाध्यक्ष चेतन साहू निकुम सचिव, किशोरी उर्वशा आलीखूंटा कोषाध्यक्ष, हीरू साहू मुजगहन ने समिति का सफल संचालन किया है। समिति के द्वारा प्रति सप्ताह विभिन्न ग्रामों में प्रत्येक रविवार को सदगुरु कबीर साहब जी के वाणी वचनों पर आधारित सत्संग भजन का कार्यक्रम रखा जाता है। जिसमें सदगुरु कबीर साहब की भक्ति मुक्ति के मार्ग को बताया जाता है एवं समाज में व्याप्त अंधविश्वास पाखंड रूढ़िवाद एवं नशा उन्मूलन करते हुए वृक्षारोपण का कार्य भी किया जाता है । महंत युगल दास संबलपुर के यहां पिछले सप्ताह सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें आमीन माता महिला मंडल भुरभुसी के द्वारा सत्संग की विशेष प्रस्तुति दिया गया जिसने जनमानस द्वारा खूब सराहा गया और आत्मसात किया गया । 20-07-2025 रविवार को ग्राम बहेराभांठा नाहंदा में हेमंत सोनवानी के द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के नवीन सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं पूर्व पदाधिकारी का विदाई कार्यक्रम रखा गया, क्षेत्र के समस्त धर्म प्रेमियों से सादर आग्रह है कि इस सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित होकर सदगुरु कबीर साहब जी के वाणी वचनों को आत्मसात करके अपने जीवन का कल्याणकारी बनाएं। प्रति रविवार यह सत्संग यात्रा इसके पश्चात ग्राम खुरसुल तुमड़ीबोड़, मुजगहन, भेड़ी, रानीतराई रोड, जेवरतला रोड, नवागांव मुंडेरा, अछोली, आलीखूंटा अछोली, सिरपुर, अंडी, डौंडीलोहारा में होगी । यह जानकारी महंत युगल दास कबीरपंथी संबलपुर डौंडीलोहारा के द्वारा दिया गया व उक्त सभी कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई ।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश के लिए 23 जुलाई अंतिम तिथि

**बालोद।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थान अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डौण्डीलोहारा में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर 23 जुलाई को रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बालोद शहर में 24 को होगा हरेली त्यौहार का आयोजन

# हरेली के अवसर पर शहर में निकाली जाएगी पारंपरिक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ की पहली त्यौहार हरेली के अवसर पर बालोद शहर में 24 जुलाई गुरुवार को पारंपरिक हरेली रैली का आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रैली का आयोजन सर्व छत्तीसगढ़िया समाज और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिलाध्यक्ष खोमन साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान साहू, महामंत्री जितेन्द्र साहू, नरेंद्र साहू, चम्मन साहू, दानी साहू, कामता प्रसाद साहू ने बताया कि यह हरेली उत्सव का पांचवां वर्ष है। जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया जाएगा।कार्यक्रम की तैयारी में जुटे दीपक सहारे, राजू साहू, प्रकाश निषाद हरि शंकर साहू, गंगा निषाद, शिशुमन चंद्राकर, खेमलाल साहू, टिकेश्वर साहू, राहुल साहू, प्रताप साहू, तेज प्रकाश पटेल, केदार साहू, नमन कोसमा ने बताया कि रैली में राउत नाचा, गेड़ी, सुवा, करमा और ददरिया जैसे पारंपरिक नृत्य एवं झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

रैली की शुरुआत सुबह 11 गंजपारा स्थित ठेठवार भवन से होगी। जो मिनीमाता चौक, बस स्टैंड, शीतला मंदिर, जय स्तंभ चौक, मधु चौक, सदर रोड और चंडी मंदिर होते हुए सरदार पटेल मैदान में जाकर समाप्त होगी। इसके बाद शाम 6 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें घर कहां है और भरथरी की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल, प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना शशिभूषण चंद्राकर और अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि- स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411